उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार 23 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1924
### ( दिनांक : 13 जून, 2002 )
### समय : 11:00 बजे पूर्वाहन्

1. अल्प सूचित प्रश्न (देखिये नत्थी "क")।
2. अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी "ख")।
3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरूद्धीकरण व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।
4. विशेषाधिकार के प्रश्न, यदि कोई हों।
5. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।
6. कार्य-स्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।
7. वित्तीय वर्ष 2002-2003 के आय-व्ययक की मांगों पर चर्चा एवं मतदानः-

1- आबकारी मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2003 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-8, आबकारी के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त रूपये 28293 हजार (दो करोड़ बयासी लाख तिरानवें हजार) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी "ग")

2- पर्यटन मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2003 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-26, पर्यटन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त रूपये 392581 हजार (उन्तालीस करोड़ पच्चीस लाख इक्यासी हजार) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी "घ")

3- मुख्य मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2003 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-4, न्याय प्रशासन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त, रूपये 476519 हजार (सैंतालीस करोड़ पैंसठ लाख उन्नीस हजार) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(विवाद नहीं होगा)

4- मुख्य मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2003 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-5, निर्वाचन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त रूपये 59201 हजार (पाँच करोड़ बयानवें लाख एक हजार) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी "ङ")

5- मुख्य मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2003 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-7, वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवायें के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त रूपये 5093310 हजार (पांच सौ नौ करोड़ तैंतीस लाख दस हजार) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी "च")

6- मुख्य मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2003 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-9, लोक सेवा आयोग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त रूपये 21037 हजार (दो करोड़ दस लाख सैंतीस हजार) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(विवाद नहीं होगा)

7- मुख्य मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2003 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-10, पुलिस एवं जेल के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त रूपये 1620162 हजार (एक सौ बासठ करोड़ एक लाख बासठ हजार) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी "छ")

8- मुख्य मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2003 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-21, ऊर्जा के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त रूपये 1563803 हजार (एक सौ छप्पन करोड़ अड़तीस लाख तीन हजार) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी "ज")

--3

8. मुख्य मंत्री उत्तरांचल विनियोग विधेयक, 2002 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

9. मुख्य मंत्री उत्तरांचल विनियोग विधेयक, 2002 को पुरःस्थापित करेंगे।

10. मुख्य मंत्री यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल विनियोग विधेयक, 2002 पर विचार किया जाय।

11. मुख्य मंत्री यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल विनियोग विधेयक, 2002 को पारित किया जाय।

12. नियम 103 के अन्तर्गत श्री प्रकाश पंत, श्री बिशन सिंह चुफाल, श्री कैलाश शर्मा, श्री मालचन्द, श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट, श्रीमती विजय बड़थ्वाल एवं श्री मदन कौशिक, सदस्य विधान सभा द्वारा अभिसूचित निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरणः-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल राज्य की राजधानी प्रदेश के केन्द्र बिन्दु में बनाए जाने की कार्यवाही तीन माह में पूर्ण कर ली जाय।"

13. नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

14. दिनांक 25/5/02 को जनपद टिहरी गढ़वाल के बाल गंगा राजि में आकाशीय बिजली गिरने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री बलबीर सिंह नेगी, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 11 जून, 2002 को नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, आपदा प्रबन्धन मंत्री का केवल वक्तव्य।

15. जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर के अधिकांश गांव में पेयजल की गम्भीर समस्या से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री चन्द्रशेखर, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 11 जून, 2002 को दी गई सूचना पर पेयजल मंत्री का नियम-51 के अन्तर्गत वक्तव्य।

आज्ञा से,

देहरादून
दिनांक : 13 जून, 2002

( महेश चन्द्र )
सचिव।

# नत्थी (क)

द्वितीय सत्र, 2002
का प्रथम गुरूवार

## –: अल्पसूचित प्रश्न :–

**श्री मातबर सिंह कण्डारी** **1. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के विकास खण्ड जखोली की पट्टी सिलगढ़ में ग्राम वाड, ममवाँणगांव, जैली कंडाली तथा पट्टी भरदार के ग्राम कांडा हरियाली में 14 मई 2002 को अतिवृष्टि एवं बादल फटने से कृषकों को कितना नुकसान हुआ है ? प्रभावित कृषकों को क्या राहत दी गई तथा प्रभावित क्षेत्रों में राहत के क्या कार्य किए गए? यदि नही, तो क्यों ?

25–05–2002

**आपदा प्रबन्धन**

# नत्थी (ख)

द्वितीय सत्र, 2002
का प्रथम गुरूवार

## –: तारांकित प्रश्न :–

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रकाश पंत<br>11–04–2002 | *1. क्या पशुधन मंत्री बतायेंगे कि उत्तरांचल में पशुधन प्रसार हेतु पशुओं की नस्ल सुधार हेतु सरकार कोई व्यापक तथा प्रभावी कार्ययोजना बना रही है ? यदि हाँ, तो कार्य योजना का स्वरूप क्या है तथा वह योजना कब तक लागू कर दी जायेगी ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि वर्तमान में कितने सांड केन्द्र तथा भैसां केन्द्र संचालित हो रहे हैं ? यदि नही, तो क्यों ? | पशुपालन |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>11–04–2002<br>श्रीमती आशा नौटियाल<br>12–04–2002 | *2. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जूनियर हाईस्कूल से इण्टरमीडिएट स्तर तक अशासकीय वित्तविहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर वित्तीय मान्यता की रोक हटाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हाँ, तो कब तक इन विद्यालयों को अनुरक्षण अनुदान सूची में शामिल कर लिया जायेगा ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>15–04–2002 | *3. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में संचालित अंग्रेजी माध्यम के निजी स्कूलों की मनमानी एवं उनके द्वारा अभिभावकों का शोषण किए जाने का कोई प्रकरण शासन की जानकारी में है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार इन विद्यालयों पर अंकुश लगाये जाने पर विचार करेगी ? यदि नही तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री कैलाश शर्मा<br>16–04–2002 | *4 क्या शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि अशासकीय मान्यताप्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में अल्पकालिक रूप से कितने शिक्षक कार्यरत हैं ? क्या सरकार इन शिक्षकों की सेवायें विनियमितीकरण करने पर विचार कर रही है ? यदि नही, तो क्या सरकार की इस संबंध में कोई कार्य योजना विचाराधीन है ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>17–04–2002 | *5. क्या शिक्षा मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में कुल कितने तदर्थ शिक्षक नियुक्त हैं ? क्या सरकार इन शिक्षको के विनियमितीकरण किये जाने पर विचार कर रही है ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री मदन कौशिक<br>17–04–2002 | *6 क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेगें कि उत्तरांचल के प्रत्येक जनपद में प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों और छात्रों का जिले वार अनुपात क्या है ? यदि अनुपात समान नही है तो क्यों ? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पवांर<br>20–04–2002 | *7. क्या उद्यान मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में उद्यान विभाग के उद्यान फार्मों तथा वहाँ कार्यरत कर्मचारियों की संख्या कितनी है ? प्रत्येक फार्म की वार्षिक आय और व्यय क्या है ? क्या कृषकों को औद्यानिकिकरण पर देय सुविधाओं पर सब्सिडी दी जा रही है ? यदि नही, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री नारायण राम आर्य<br>24–04–2002<br>श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>29.04.2002<br>श्री बलबीर सिंह नेगी<br>22–05–2002 | *8. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कितने इण्टर कालेजों में प्रधानाचार्यो के पद रिक्त हैं ? क्या इन रिक्त पदों को भरे जाने की प्रक्रिया शासन के विचाराधीन हैं ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>27–04–2002 | *9. क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में न्याय पंचायतो के चुनाव कब से नही हुए हैं ? न्याय पंचायतों के चुनाव न होने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार उत्तरांचल में न्याय पंचायतों के चुनाव शीघ्र करवायेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | पंचायती राज |
| काजी निजामुद्दीन<br>06–05–2002 | *10. क्या उद्यान मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में आमों के उद्यान में शूटगाल के प्रकोप से आम का उत्पादन आधे से भी कम रह गया है ? यदि हाँ, तो सरकार शूटगाल की रोकथाम के लिए क्या उपाय कर रही है ? | उद्यान |
| श्री हरबंस कपूर<br>10–05–2002<br>श्री बलबीर सिंह नेगी<br>30–05–2002 | *11. क्या लघु उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उत्तरांचल में लघु उद्योंगों को प्रोत्साहित करने की दिशा में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की कोई योजना का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है ? यदि हाँ, तो योजना क्या है ? यदि नही, तो क्यों ? | लघु उद्योग |
| श्री दिनेश अग्रवाल<br>16–05–2002 | *12. क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद देहरादून के नगरीय क्षेत्र में प्राइमरी और जूनियर हाईस्कूल विद्यालयों में शिक्षको की संख्या मानको के अनुरूप है ? क्या यह सही है कि कई ऐसे विद्यालय है जहाँ पर शिक्षकों की सख्या मानकों से अधिक है ? यदि हाँ, तो ऐसे स्कूलों से उन अध्यापकों को हटाकर ऐसे स्कूलों मे भेजा जाये जहाँ शिक्षकों की संख्या कम है ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री फूलसिंह बिष्ट<br>20–05–2002 | *13. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि वर्ष 2001 में राजकीय इण्टर कालेज प्रतापनगर टिहरी गढवाल में खोला गया था ? यदि हाँ, तो उक्त विद्यालय को किन कारणों से बन्द करा दिया गया ? क्या मंत्री जी इस प्रकरण की जांच कराकर दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करेंगे तथा इस विद्यालय को छात्र हित में पुनः खोला जायेगा ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल नौटियाल<br>21–05–2002 | *14. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में कार्यरत उत्तर प्रदेश के विकल्पधारी शिक्षकों को उत्तर प्रदेश के लिए कार्यमुक्त किया जायेगा ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |

## अतारांकित

| | | |
|---|---|---|
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>11–04–2002 | 1. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में प्रसार अध्यापकों/शिल्प अध्यापकों तथा प्रौढ़ शिक्षा के अनुदेशकों की कुल कितनी संख्या है ? क्या सरकार प्रोन्नति के अवसर उपलब्ध कराये जाने हेतु इन अध्यापकों की ज्येष्ठता सूची सुनिश्चित करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यो ? | शिक्षा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>11–04–2002 | 2. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद रूद्रप्रयाग के दूरस्थ क्षेत्रों में बेसिक पाठशालायें माह में एक सप्ताह भी नही खुलती है ? यदि हाँ, तो अनुशासनहीनता के लिए जिम्मेदार अध्यापकों के खिलाफ आज तक कार्यवाही की गयी है ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>11–04–2002 | 3. क्या शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग में कितनी राजकीय आदर्श विद्यालय है तथा इनमें कितने अध्यापक कार्यरत है ? क्या यह सत्य है कि इन विद्यालयों मे एक अध्यापक के द्वारा ही अध्यापन कार्य किया जाता है ? यदि हाँ, तो इन विद्यालयों में अध्यापकों की संख्या बढ़ायी जायेगी ? | शिक्षा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>11–04–2002 | 4. क्या शिक्षा मंत्री को जानकारी है कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत रा0 बालिका इण्टर कालेज रूद्रप्रयाग में बालिकाओं के बैठने के लिये पर्याप्त भवन नही है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन का निर्माण करायेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>11–04–2002 | 5. क्या शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि रा0इ0का0 सौराखाल भरदार जनपद रूद्रप्रयाग के भूकम्प से क्षतिग्रस्त भवन के नव निर्माण हेतु सरकार द्वारा कोई धनराशि स्वीकृत की गई है ? यदि हाँ, तो उक्त विद्यालय का भवन कब तक बन जायेगा ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>11–04–2002 | 6. क्या शिक्षा मंत्री को जानकारी है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर में प्राइमरी पाठशाला अमोला, कठूड़, खण्ड़ एवं कस्याली के भवन विगत लम्बे समय से क्षतिग्रस्त एवं जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है ? क्या सरकार छात्र हित में इन भवनों को शीध्र बनायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों? | शिक्षा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री प्रकाश पंत<br>11–04–2002 | 7. | क्या उद्यान मंत्री बतायेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में उद्यान विभाग द्वारा दिये गये प्रोत्साहन से कितने उद्यान विगत 5 वर्षो में स्थापित किये गये ? इन उद्यानों से किस–किस प्रकार के फल उत्पादित हो रहे हैं तथा सरकार द्वारा, उत्पादित फलों के विपणन की कोई व्यवस्था की गयी है ? यदि हाँ, तो वित्तीय वर्ष 2000–2001 तथा 2001–2002 में कितने फलों का क्रय किया गया ? | उद्यान |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>12–04–2002 | 8. | क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि कितने राजकीय जूनियर हाईस्कूलों एवं हाईस्कूलों के उच्चीकरण के प्रकरण शासन स्तर पर लंबित है ? क्या इनके उच्चीकरण की कोई योजना है ? यदि हाँ, तो कब तक उन पर क्या कार्यवाही की जायेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री प्रकाश पंत<br>12–04–2002 | 9. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ तथा जनपद अल्मोड़ा में अल्पसंख्यकों के कितने माध्यमिक तथा कितने उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालय संचालित किये जा रहें है ? इन विद्यालयों में विगत 5 वर्षो में विभिन्न पदों पर कितनी नियुक्तियां की गई है ? क्या नियुक्तियों में अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हुई है ? यदि हाँ, तो उन पर कार्यवाही की गई ? | शिक्षा |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>12–04–2002 | 10. | क्या शिक्षा मंत्री को जानकारी है कि जनपद पौडी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के ग्राम असनेथ स्थित प्राइमरी पाठशाला का निमार्णाधीन भवन विगत काफी समय से अपूर्ण पड़ा हुआ है ? क्या उक्त भवन को छात्रहित में शीघ्र पूर्ण करायेंगे ? यदि हाँ, तो कब तक, यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>12–04–2002 | 11. | क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर जनपद पौडी गढ़वाल के अर्न्तगत सभी बेसिक एवं जू0 हा0 स्कूल विद्यालयों में अध्यापक मानक के अनुरूप कार्यरत हैं ? यदि हाँ, तो उनकी विद्यालयवार संख्या क्या है ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>12–04–2002 | 12. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर क्षेत्र के अर्न्तगत सभी राजकीय इण्टर कालेजों में प्रधानाचार्य नियुक्त हैं ? यदि नही, तो किन–किन विद्यालयों में प्रधानाचार्य नियुक्त नही किये गये हैं ? | शिक्षा |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>12–04–2002 | 13. | क्या खेल मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि में खेल स्टेडियम के निर्माण की कोई योजना शासन के विचाराधीन है ? यदि हाँ, तो इसका निर्माण कब तक करा लिया जाएगा ? यदि नही, तो क्यों? | खेल |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रकाश पंत<br>15–04–2002 | 14. क्या खेल मंत्री को जानकारी है कि जनपद पिथौरागढ़ में रिवर राफ्टिंग, पर्वतारोहण, पैराग्लाइडिंग की अपार सम्भावनाऐं हैं ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त खेलों को बढ़ावा देने के लिये कोई कार्य योजना बना रही है ? यदि नही, तो क्यों ? | प्रथम शुक्रवार के अता0 40 में स्था |
| श्री मदन कौशिक<br>15–04–2002 | 15. क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उत्तरांचल में संस्कृत विद्यालयों के अध्यापकों को अन्य अध्यापकों की भांति पंचम वेतन मान दिया गया है ? यदि नही, तो कब तक यह वेतनमान दिया जायेगा ? | दिनांक 10.06. 2002 को अता0 10 द्वारा उत्तरित |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>16–04–2002 | 16. क्या सरकार बताने का कष्ट करेगी कि जनपद रूद्रप्रयाग के पैक्स फैड ने कितने बेसिक पाठशालाओं तथा जू0 हाईस्कूलों के भवन निर्माण कार्य प्रारम्भ किये थे ? उनमें से कितने बे0पा0 तथा जू0 हाईस्कूल के भवन निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं ? अपूर्ण भवनों के निर्माण को पूरा करने के लिए क्या सरकार की कोई कार्य योजना विचाराधीन है ? | शिक्षा |
| श्री प्रकाश पंत<br>17–04–2002 | 17. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में स्थित स्व0 देवसिंह खेल मैदान में फुटबाल प्रतियोगिताओं का आयोजन कई वर्षो से नियमित होता आ रहा है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार देवसिंह क्रीडा स्थल का विकास आउटडोर स्टेडियम के रूप में करेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | खेल |
| श्री मदन कौशिक<br>17–04–2002 | 18 क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि हरिद्वार जनपद में कितने प्राथमिक विद्यालय हैं तथा उनमें से कितने पद अध्यापकों के रिक्त हैं ? क्या सरकार इन रिक्त पदों को भरने की कोई कार्य योजना बना रही हैं ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>17–04–2002 | 19. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनता इण्टर कालेज तिमली बडमा रूद्रप्रयाग में प्रभारी प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत पदधारक को धारा 18/1/4 के अन्तर्गत कब तक प्रोन्नति दी जायेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री कौलदास<br>18–04–2002 | 20. क्या शिक्षा मंत्री को जानकारी है कि जनपद टिहरी गढ़वाल गढवाल के विकास खण्ड जौनपुर में अभी तक कोई भी बालिका हाईस्कूल नही है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में उक्त स्थान पर बालिका विद्यालय खोलने पर विचार करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>19–04–2002 | 21. क्या खेल मंत्री यह बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड घाट के विजयनगर घाट में लघु स्टेडियम स्वीकृत है ? यदि नही, तो सरकार उक्त स्थान पर स्टेडियम निर्माण करवायेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | खेल |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>19–04–2002 | 22. क्या खेल मंत्री यह बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी में लघु स्टेडियम की स्वीकृति सरकार द्वारा प्रदान की गई है ? यदि नही, तो क्या सरकार उक्त विकास खण्ड में स्टेडियम की स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | खेल |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>19–04–2002 | 23. क्या सरकार जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोदली के उच्चीकरण किये जाने पर विचार करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>19–04–2002 | 24. क्या सरकार जनपद चमोली के विकास खण्ड घाट में राजकीय माध्यमिक विद्यालय धुर्मा का उच्चीकरण करने जा रही है ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री कौलदास<br>19–04–2002 | 25. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के जौनपुर विकास खण्ड स्थित राजकीय आदर्श विद्यालय वैट वाण्डाचक में सेवा निवृति के फलस्वरूप मात्र दो अध्यापक रह गए हैं तथा पहली से 8वीं तक कक्षायें लगाई जा रही हैं ? क्या इस विद्यालय का जू0 हाईस्कूल में उच्चीकरण किया जायेगा ताकि विधार्थियों का पठन–पाठन ठीक ढ़ग से हो सके ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19–04–2002 | 26. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में जनपद उत्तरकाशी मे प्रधानाध्यापक एल.टी. प्रवक्ता एवं प्रधानाचार्यों के कितने पद रिक्त हैं ? शिक्षा बन्धु कुल कितने पदों पर तैनात हैं ? उक्त शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के बारे में सरकार क्या निर्णय ले रही है ? यदि नही, तो क्यों ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विशिष्ट बी.टी.सी. के जो पद पूर्ववर्ती सरकार द्वारा स्वीकृत किये गये थे, उन भर्ती हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>20–04–2002 | 27. क्या शिक्षा मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगें कि जनपद चमोली के विकास खण्ड धाट में राजकीय बालिका जूनियर हाईस्कूल का सरकार उच्चीकरण करने जा रही है ? यदि हाँ, तो कब ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>23–04–2002 | 28. क्या पशुपालन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग में मत्स्यपालन निरीक्षक का पद सृजित हो गया है ? यदि नही तो उक्त पद कब तक सृजित हो जायेगा ? | पशुपालन |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>23–04–2002 | 29. क्या पशुपालन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग में कितने पशु सेवा केन्द्र हैं तथा इनमें कितने पशु धनप्रसार अधिकारी कार्यरत हैं ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि कितने अधिकारियों के पद रिक्त हैं ? क्या सरकार इन पदों को भरने के लिए कोई ठोस कदम उठाने जा रही है ? यदि नही, तो क्यों ? | पशुपालन |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>23–04–2002 | 30. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग में बेसिक शिक्षा परिषद में वित्त एवं लेखाधिकारी के पद का सृजन कब तक हो जायेगा ? यदि नही, तो क्यों | शिक्षा |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>23–04–2002 | 31. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज दैड़ा में गणित विषय में प्रवक्ता पद सृजित किये जाने का कोई प्रस्ताव शासन के विचाराधीन हैं ? यदि हाँ, तो कब तक उक्त पद सृजित कर दिया जायेगा ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| काजी निजामुद्दीन<br>23–04–2002 | 32. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजस्व रिकार्ड के अनुसार जनपद हरिद्वार और जनपद देहरादून में आम के बागों का क्षेत्रफल क्रमशः कितना–कितना है ? दोनो जनपदों में आम का औसतन उत्पादन अनुमानतः कितना–कितना है ? | उद्यान |
| श्री विजय पाल सिंह सजवाण<br>23–04–2002 | 33. क्या ग्रामोद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भोटिया जनजाति के भेड़पालकों द्वारा उत्पादित ऊन/ऊनी वस्त्रों का सरकार पूर्व की भांति खादी बोर्ड द्वारा खरीदने पर विचार कर रही है ? यदि हाँ, तो इस पर कब तक कार्यवाही की जायेगी ? | ग्रामोद्योग |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>23–04–2002 | 34. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में कुल कितने राजकीय आदर्श विद्यालय हैं, उनमें कुल कितने अध्यापक तैनात हैं ? क्या इन विद्यालयों को पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के साथ समायोजित करने की कोई योजना हैं ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री प्रकाश पंत<br>24–04–2002 | 35. क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सरकार 200 की मुस्लिम आबादी पर मदरसों की स्थापना की योजना बना रही है ? यदि हाँ, तो योजना क्या है तथा कब तक लागू हो जायेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>24–04–2002 | 36. क्या लघु उद्योग मंत्री को जानकारी है कि जनपद रूद्रप्रयाग में जनरल मैनेजर जिला उद्योग केन्द्र का पद सृजित नही हुआ है ? यदि हाँ, तो यह पद कब सृजित कर उस पर नियुक्ति कर दी जायेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | लघु उद्योग |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>27–04–2002 | 37. क्या पंचायत राज मंत्री बतलाने की कृपा करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग बनने से पूर्व पट्टी रानीगढ़ की नौ ग्राम सभाएं, पट्टी बछणास्यूँ की बीस ग्राम सभाएं पट्ठी धनपुर की 18 ग्राम सभाएं तथा तल्ला नागपुर की 14 ग्राम सभाएं किस–किस विकास खण्ड में शामिल थी तथा वर्तमान में किस विकास खण्ड में हैं ? क्या सरकार पट्टी बछणास्यूँ, पट्टी रानीगढ़, पट्टी भरदार तथा पट्टी धनपुर को मिला कर एक अलग विकास खण्ड खोलने हेतु भारत सरकार को प्रस्ताव भेजने पर विचार करेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | पंचायती राज |
| डा0 अनसूया प्रसाद मैखुरी<br>24–04–2002 | 38. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के टंगसा क्षेत्र में कृषि हाईस्कूल का उच्चीकरण करने का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>24–04–2002 | 39. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग एवं चमोली में जूनियर हाईस्कूलों को खोले जाने का कोई प्रस्ताव शासन के विचाराधीन हैं ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री प्रकाश पंत<br>26–04–2002 | 40. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार स्थानीय शिल्प एवं ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण कुटीर एवं लघु उद्योग प्रशिक्षण महाविद्यालय की स्थापना किये जाने पर विचार कर रही है ? यदि हाँ, तो महाविद्यालय का स्वरूप क्या है ? यदि नही, तो क्यों ? | लघु उद्योग |
| श्री नारायण राम आर्य<br>26–04–2002 | 41. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में माध्यमिक विद्यालयों में कितने प्रवक्ता/सहायक अध्यापक के पद रिक्त हैं ? इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जायेगा ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>29–04–2002 | 42. क्या पशुपालन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर जनपद पौड़ी में कितने पशु प्रसार केन्द्र तथा पशु चिकित्सालय किन स्थानों में हैं ? क्या इनमें पशु प्रसार व पशुचिकित्सा का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है ? यदि नही, तो क्यों ? | पशुपालन |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>29–04–2002 | 43. क्या ग्रामोद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर जनपद पौडी गढ़वाल में कोई लघु उद्योग या ग्रामोद्योग स्थित है ? यदि नही, तो क्या सरकार इस क्षेत्र में उक्त उद्योग को खोलने की कोई योजना बनाएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | लघु उद्योग |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>29–04–2002 | 44. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्षेत्र यमकेश्वर जनपद पौड़ी गढ़वाल के किन गांवों में फलो का उत्पादन बहुतायत में किया जाता है ? क्या सरकार फलोद्योग को विकसित करने की कोई कार्य योजना बना रही है ? यदि नही, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29–04–2002 | 45. क्या उद्यान एवं खादी ग्रामोद्योग मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में कितने रेशम कीट पालन फार्म हैं तथा उनमें कुल कितने कर्मचारी कार्यरत है ? इन फार्मो की वार्षिक आय तथा विगत पांच वर्षों की उत्पादन प्रगति क्या है ? | उद्यान |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>29–04–2002 | 46. क्या शिक्षा मंत्री को जानकारी है कि बेसिक पाठशाला रतनपुर भरदार रूद्रप्रयाग के भवन पर ताला लगा हुआ है ? यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं ? क्या सरकार जनहित में ताला खुलवाये जाने पर विचार करेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री प्रकाश पंत<br>29–04–2002 | 47. क्या पशुधन विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्रामीण महिलाओं को उन्नत नस्ल के पशु खरीदने के लिए आसान किस्तों तथा सस्ती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाने हेतु सरकार द्वारा कोई कार्य योजना बनाई जा रही है ? यदि हाँ, तो उस योजना का स्वरूप क्या है तथा उसे कब तक लागू कर दिया जायेगा ? यदि नही, तो क्यो ? | पशुपालन |
| श्री प्रकाश पंत<br>30–04–2002 | 48. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में कितने माध्यमिक स्तर के मान्यता प्राप्त गैर सरकारी विद्यालय संचालित किये जा रहें हैं ? विगत एक वर्ष 2001–2002 में कितने विद्यालयों को मान्यता प्रदान की गई है ? क्या सभी विद्यालय न्यूनतम मानकों की शर्तो को पूर्ण कर रहें हैं ? | शिक्षा |
| डा0 अनसूया प्रसाद मैखुरी<br>30–04–2002 | 49. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्राम पलेठी जनपद चमोली में एक हाईस्कूल खोले जाने की मांग क्षेत्रीय जनता द्वारा लगातार की जा रही है ? यदि हाँ, तो क्या शासन जनहित में उक्त विद्यालय को खोले जाने पर विचार करेगी ? | शिक्षा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>30–04–2002 | 50. | क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला पंचायत अधिकारी एवं कर्मचारियों को राज्य कर्मचारी घोषित किया जा रहा है ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | पंचायती राज |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>30–04–2002 | 51. | क्या शिक्षा मंत्री यह बतलाने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पुस्तकालयों तथा राजकीय जिला पुस्तकालयों व जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों में पुस्तकालयाध्यक्षों के कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार रिक्त पदों को भरने जा रही है ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>30–04–2002 | 52. | क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के सी. टी. संवर्ग के सभी स्नातक शिक्षकों का दस वर्ष की सेवा के उपरांत एल. टी. में संविलयन हो गया है ? यदि हाँ, तो उनकी संख्या कितनी है ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>17–05–2002 | 53. | क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग में जिला सहकारी बैक की कितनी शाखाएं हैं ? क्या सरकार तिमली बडमा तथा किमाणा फुटगढ़ में जिला सहकारी बैंक की शाखाएं खोलने पर विचार कर रही है ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | सहकारिता |

# नत्थी (ग)

<u>वित्तीय वर्ष 2002-2003 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव</u>

अनुदान संख्या : 08-आबकारी विभाग
लेखा शीर्षक-(2039-राज्य उत्पादन शुल्क, 4059-लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय)

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| 1. श्री भगत सिंह कोश्यारी | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |
| 2. श्री प्रकाश पंत | |
| 3. श्री अजय भट्ट | |
| 4. श्री मातबर सिंह कण्डारी | |
| 5. श्री बिशन सिंह चुफाल | |
| 6. श्री मदन कौशिक | |
| 7. श्री हरभजन सिंह चीमा | |
| 8. श्री मालचन्द्र | |
| 9. श्री कैलाश शर्मा | |
| 10. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट | |
| 11. श्रीमती विजय बड़थ्वाल | |
| 12. श्री गोविन्द लाल शाह | |
| 13. श्रीमती आशा नौटियाल | |
| 14. श्री काजी निजामुद्दीन | |

# नत्थी (घ)

<u>वित्तीय वर्ष 2002-2003 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव</u>

अनुदान संख्या : 26-पर्यटन विभाग
लेखा शीर्षक-(3452-पर्यटन, 5452-पर्यटन पर पूँजीगत परिव्यय)

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| 1. श्री भगत सिंह कोश्यारी | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |
| 2. श्री प्रकाश पंत | |
| 3. श्री अजय भट्ट | |
| 4. श्री मातबर सिंह कण्डारी | |
| 5. श्री बिशन सिंह चुफाल | |
| 6. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत | |
| 7. श्री सुरेश चन्द जैन | |
| 8. श्री मदन कौशिक | |
| 9. श्री हरभजन सिंह चीमा | |
| 10. श्री मालचन्द्र | |
| 11. श्री कैलाश शर्मा | |
| 12. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट | |
| 13. श्रीमती विजय बड़थ्वाल | |
| 14. श्री गोविन्द लाल शाह | |
| 15. श्रीमती आशा नौटियाल | |
| 16. श्री काजी निजामुद्दीन | |

# नत्थी (ङ)

वित्तीय वर्ष 2002-2003 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या : 05-निर्वाचन विभाग

लेखा शीर्षक-(2015-निर्वाचन)

प्रस्तावक का नाम

1. श्री भगत सिंह कोश्यारी
2. श्री प्रकाश पंत
3. श्री अजय भट्ट
4. श्री मातबर सिंह कण्डारी
5. श्री बिशन सिंह चुफाल
6. श्री मदन कौशिक
7. श्री हरभजन सिंह चीमा
8. श्री मालचन्द्र
9. श्री कैलाश शर्मा
10. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
11. श्रीमती विजय बड़थ्वाल
12. श्री गोविन्द लाल शाह
13. श्रीमती आशा नौटियाल
14. श्री काजी निजामुद्दीन
15. श्री काशी सिंह ऐरी
16. श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी
17. श्री नारायण सिंह जंतवाल

प्रस्ताव का प्रारूप

सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना

# नत्थी (च)

वित्तीय वर्ष 2002-2003 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या : 07- वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवायें विभाग

लेखा शीर्षक-(2030-स्टाम्प पंजीकरण,2040-बिक्री कर, व्यापार आदि पर कर,2045-वस्तुओं तथा सेवाओं पर अन्य कर तथा शुल्क,2047-अन्य राजकोषीय सेवायें,2048-ऋण घटाने या उसका परिहार करने के लिए विनियोजन,2049-ब्याज अदायगियाँ,2052-सचिवालय-सामान्य सेवायें,2054-खजाना तथा लेखा प्रशासन,2071-पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्ति हित लाभ,3451-सचिवालय आर्थिक सेवायें,3453-विदेश व्यापार तथा निर्यात संवर्धन,3454-जनगणना सर्वेक्षण तथा सांख्यिकी, 3604-स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति तथा समनुदेशन,4049-लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय,4216-आवास पर पूँजीगत परिव्यय,6003-राज्य सरकार का आंतरिक ऋण,6004-केन्द्रीय सरकार से कर्ज तथा अग्रिम,6075-विविध सामान्य सेवायें हेतु कर्ज,7610-सरकारी कर्मचारियों आदि को कर्ज,7615-विविध उधार पर)

प्रस्तावक का नाम

1. श्री भगत सिंह कोश्यारी
2. श्री प्रकाश पंत
3. श्री अजय भट्ट
4. श्री मातबर सिंह कण्डारी
5. श्री बिशन सिंह चुफाल
6. श्री मदन कौशिक
7. श्री हरभजन सिंह चीमा
8. श्री मालचन्द्र
9. श्री कैलाश शर्मा
10. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
11. श्रीमती विजय बड़थ्वाल
12. श्री गोविन्द लाल शाह
13. श्रीमती आशा नौटियाल
14. श्री काशी सिंह ऐरी
15. श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी
16. श्री नारायण सिंह जंतवाल

प्रस्ताव का प्रारूप

सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना

# नत्थी (छ)

वित्तीय वर्ष 2002-2003 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या : 10-पुलिस एवं जेल विभाग

लेखा शीर्षक-(2055-पुलिस, 2056-जेलें, 4055-पुलिस पर पूँजीगत परिव्यय)

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| 1. श्री भगत सिंह कोश्यारी<br>2. श्री प्रकाश पंत<br>3. श्री अजय भट्ट<br>4. श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>5. श्री बिशन सिंह चुफाल<br>6. श्री मदन कौशिक<br>7. श्री सुरेश चन्द जैन<br>8. श्री हरभजन सिंह चीमा<br>9. श्री मालचन्द्र<br>10. श्री कैलाश शर्मा<br>11. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>12. श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>13. श्री गोविन्द लाल शाह<br>14. श्रीमती आशा नौटियाल<br>15. श्री काजी निजामुद्दीन<br>16. श्री काशी सिंह ऐरी<br>17. श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>18. श्री नारायण सिंह जंतवाल | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना |

# नत्थी (ज)

वित्तीय वर्ष 2002-2003 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या : 21-ऊर्जा विभाग

लेखा शीर्षक-(2801-बिजली, 2810-वैकल्पिक ऊर्जा, 4801-बिजली परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय, 6801-बिजली परियोजनाओं के लिए कर्ज)

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| 1. श्री भगत सिंह कोश्यारी<br>2. श्री प्रकाश पंत<br>3. श्री अजय भट्ट<br>4. श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>5. श्री बिशन सिंह चुफाल<br>6. श्री मदन कौशिक<br>7. श्री सुरेश चन्द जैन<br>8. श्री हरभजन सिंह चीमा<br>9. श्री मालचन्द्र<br>10. श्री कैलाश शर्मा<br>11. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>12. श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>13. श्री गोविन्द लाल शाह<br>14. श्रीमती आशा नौटियाल<br>15. श्री काजी निजामुद्दीन<br>16. श्री काशी सिंह ऐरी<br>17. श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>18. श्री नारायण सिंह जंतवाल | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना |

| क्र.सं. | प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|---|
| | | 8. किसानों की समस्या का निराकरण करने की योजना, |
| | | 9. व्यापारी और उद्योगपति का पलायन रोकने व उनकी सुरक्षा, |
| | | 10. महंगाई पर अंकुश, |
| | | 11. कर्मचारी वर्ग की मूलभूत सुविधायें, |
| | | 12. एल.टी.सी. जीवन पर्यन्त सर्विस में तीन टूर एवं प्रत्येक वर्ष में एक माह की तनख्वाह का नकदीकरण। |